पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 256 हल्द्वानी मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठः 8

## एक नजर

### कार ने ठेले को टक्कर मारी, दुकानदार की मौत

**कालाढूंगी।** रामनगर रोड में नयागांव वन विभाग के चैक पोस्ट के समीप सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदार युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। ठेले के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर कालाढूंगी अस्पताल पहुंचे परिजनों की चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला उधमसिंह नगर के बरहैनी (जबरान) निवासी पंजा सिंह का 18 वर्षीय बेटा अभिषेक सिंह नयागांव वन विभाग के चैक पोस्ट के समीप बेल के जूस का ठेला लगाता था। दोपहर करीब पौने दो बजे कालाढूंगी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार( यूके 04एक्यू8017) सामने चल रही दूसरी कार को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ठेले में जा घुसी।

### महिला सशक्तिकरण व जनकल्याणकारी काम करेंगी नवनिर्वाचित अध्यक्ष ः मित्तल

**रुद्रपुर।** श्री अग्रवाल महिला समिति की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ऊषा अग्रवाल को भाजपा नेता एवं एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने उनके निवास पर पहुंचकर अपने साथियों के साथ अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया इस अवसर पर प्रमोद मित्तल ने कहा कि श्रीमती ऊषा अग्रवाल एक सक्रिय, कर्मठ एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उनके नेतृत्व में अग्रवाल महिला समिति नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी प्रमोद मित्तल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग की महिलाओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और अग्रवाल महिला समिति जैसी संस्थाएं इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही हैं। श्रीमती ऊषा अग्रवाल के नेतृत्व में यह संगठन समाज के विभिन्न वर्गों के हित में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

## कल खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

### सीएम धामी भी करेंगे विशेष पूजा-अर्चना

**केदारनाथ/रुद्रप्रयाग।** हिमालय की गोद में बसे विश्व विख्यात केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

कपाट खुलने के साथ ही बाबा केदार के दर्शनों के लिए लाखों श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा समाप्त होगी और वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो जाएगा। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना में शामिल होंगे।

कपाट खुलने से एक दिन पहले ही बाबा केदार की डोली गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रवाना हो चुकी है। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु



धाम की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे यात्रा मार्गों पर रौनक और धार्मिक उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

कपाट उद्घाटन को लेकर धाम को भव्य और आकर्षक रूप से सजाया गया है। प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। सड़कों की मरम्मत से लेकर यातायात प्रबंधन, पैदल मार्ग पर शौचालय, पेयजल और आवास की सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। हर दो किलोमीटर पर स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पूरे यात्रा मार्ग पर विद्युत और सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है। स्वच्छता व्यवस्था को भी विशेष रूप से मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस बार मंदिर समिति ने बड़ा फैसला लेते हुए मंदिर परिसर में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। अब श्रद्धालु मंदिर के अंदर फोटो, वीडियो या रील्स नहीं बना सकेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। समिति का मानना है कि यह कदम धाम की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण दर्शन का अनुभव देने के लिए आवश्यक है।

श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न राज्यों से पहुंचे यात्रियों ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए यात्रा को पहले से अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बताया है। बाबा केदार के जयकारों के बीच अब पूरा देश उस ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है, जब सुबह 8 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही आस्था का यह महासंगम अपने चरम पर पहुंच जाएगा।

## बच्चे का हक सबसे ऊपर, कमाई, कर्ज या जिम्मेदारियों का बहाना नहीं चलेगा : हाईकोर्ट

**नैनीताल ।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय से एक अहम और मिसाल कायम करने वाला फैसला सामने आया है, जहां उत्तराखंड हाई कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पिता अपने नाबालिग बच्चे के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं हट सकता चाहे पत्नी भी कमाती हो, कर्ज का बोझ हो या पारिवारिक जिम्मेदारियां।न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने रुड़की परिवार न्यायालय के आदेश को सही ठहराते हुए पिता को हर महीने 8,000 रुपये अंतरिम भरण-पोषण देने का निर्देश बरकरार रखा। अदालत ने साफ कहा कि बच्चे का अधिकार सर्वोच्च है और इसे किसी भी निजी या स्वैच्छिक वित्तीय बोझ के नाम पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।मामला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत दायर याचिका से जुड़ा था, जिसमें मां ने अपने नाबालिग बच्चे के लिए भरण-पोषण की मांग की थी। परिवार न्यायालय ने आवेदन की तारीख से ही मासिक 8,000 रुपये देने का आदेश दिया था, जिसे चुनौती देते हुए पिता हाई कोर्ट पहुंचा। पिता का तर्क था कि वह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत है और उसकी पत्नी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में, ऐसे में पूरा आर्थिक बोझ उसी पर डालना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही उसने अपनी आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किश्तों, माता-पिता और अन्य पारिवारिक जिम्मेदारियों पर खर्च होने की बात कही।

लेकिन अदालत ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि कर्ज और अन्य निजी खर्च स्वेच्छिक दायित्व हैं, जो बच्चे के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकते। कोर्ट ने यह भी माना कि मां की आय को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन यह आधार पिता को जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकता। अदालत ने अपने फैसले में दो टूक कहा कि धारा 125 एक सामाजिक न्याय का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को अभाव से बचाना है। इसलिए इसकी व्याख्या हमेशा आश्रितों के हित में उदारतापूर्वक की जानी चाहिए। नाबालिग बच्चे को उसके माता-पिता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के अनुरूप जीवन स्तर मिलना ही चाहिए।

## पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का हाल जानने मैक्स अस्पताल पहुँचे मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मैक्स अस्पताल पहुँचकर भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) का हालचाल जाना।मुख्यमंत्री ने इस दौरान अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से श्री खंडूड़ी के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पूर्व मुख्यमंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नेताओं के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और हर संभव चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन के अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

## सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी, विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने आज कलेक्ट्रेट कूच किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना दिया। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस वर्ष किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया गया इसलिए शीघ्र करने का भुगतान किया जाए ।वर्ग 4 की भूमि को पक्का किया जाए। बाजपुर क्षेत्र में 20 गांव की जो जमीन है उसका समाधान किया जाए।

किसानों ने कहा की ओलावृष्टि और बरसात के कारण जनपद के कई किसानों की फसल नष्ट हुई है ऐसे में



उनका उचित मुआवजा दिया जाए गेहूं के दाम सरकारी रेट से 100 अधिक दिया जाए और किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा की गेहूं खरीद की सेंटर पर सीमा निर्धारित कर दी गई है ऐसे में किसानों को गेहूं बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है इसलिए गेहूं खरीद केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाए। किसानों ने कहा कि उनके ट्यूबल के बिजली बिल माफ किए जाएं। किसानों ने कहा की सरकार उनकी मांगों को लेकर विचार नहीं कर रही जिससे किसानों को कई समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की प्रदेश में भ्रष्टाचार पनप रहा है कालाबाजारी चरम पर है विकास का कोई मुद्दा नहीं है। ऐसे में सरकार नाकाम साबित हो रही है आने वाले 2027 में जनता इसका जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, हरेंद्र सिंह लाड़ी, पुष्कर राज जैन, अशोक राय, संदीप चीमा, लक्ष्मी सिंह ,सुनील सिंह, रामवीर सिंह, कुलदीप सिंह, जगदीश सिंह, रमन सिंह ,केशव कोली, मनोज कुमार ,राजीव कुमार ,बलकार सिंह ,हरविंदर सिंह, कल्याण विश्वास, मोहित कुमार ,जसवीर सिंह ,हरजीत सिंह ,गुरमीत सिंह, सुबोध कुमार ,नवदीप सिंह, राजेंद्र कुमार ,निशांत शाही ,चेतन सिंह, शिव कुमार, विशाल समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# सम्पादकीय

## तपते पहाड़, बुझती रोशनी,उत्तराखंड की दोहरी चुनौती

कभी अपनी शीतल जलवायु, हरे-भरे जंगलों और सुकून भरे वातावरण के लिए पहचाना जाने वाला उत्तराखंड आज एक असहज और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। पहाड़ों की ठंडक अब तपिश में बदल रही है और इसके साथ ही बिजली संकट ने आम जनजीवन को अभूतपूर्व कठिनाइयों में डाल दिया है। यह स्थिति केवल एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरणीय संतुलन और कमजोर आधारभूत ढांचे का स्पष्ट संकेत है। राज्य के प्रमुख शहर इस बार असामान्य गर्मी की चपेट में हैं। तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे न केवल मैदानी इलाकों बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों में भी गर्मी का असर स्पष्ट दिख रहा है। जंगलों में सूखापन बढ़ रहा है, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं और वातावरण में उमस ने लोगों के लिए राहत के सभी रास्ते लगभग बंद कर दिए हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल एक वैश्विक बहस का मुद्दा नहीं, बल्कि स्थानीय जीवन की कठोर सच्चाई बन चुका है। इस भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया है। शहरों में बार-बार बिजली गुल होना और ग्रामीण इलाकों में घंटों की कटौती आम बात बन चुकी है। रात के समय बिजली की अनुपलब्धता सबसे अधिक कष्टदायक साबित हो रही है, जब दिनभर की तपिश के बाद लोग थोड़ी राहत की उम्मीद करते हैं। पंखे और कूलर ठप हो जाने से घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड होना, पुराने विद्युत ढांचे की सीमाएं और अचानक बढ़ी मांग ये सभी कारण इस संकट को और गहराते जा रहे हैं। इस दोहरी मार का सबसे अधिक असर समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ रहा है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग गर्मी और उमस के कारण स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना कर रहे हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं, छोटे व्यापारी और स्वरोजगार से जुड़े लोग आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं, क्योंकि बिजली की अनियमितता उनके कामकाज को बाधित कर रही है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, विशेषकर उन घरों में जहां बिजली पर निर्भरता अधिक है।

यह स्थिति प्रशासन और सरकार के सामने गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या राज्य का विद्युत ढांचा बढ़ती मांग को संभालने के लिए तैयार है? क्या जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक योजना बनाई गई है? फिलहाल जो कदम उठाए जा रहे हैं, वे अधिकतर तात्कालिक राहत तक सीमित दिखाई देते हैं। लेकिन आवश्यकता इससे कहीं अधिक व्यापक और दूरदर्शी दृष्टिकोण की है। ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तराखंड को अपनी संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना होगा। जलविद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देना समय की मांग है। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाना, बिजली लाइनों का आधुनिकीकरण और वितरण प्रणाली को मजबूत करना अनिवार्य हो चुका है। साथ ही, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाने होंगे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की परिस्थितियों से बचा जा सके। इसके साथ ही नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। ऊर्जा की बचत, जल का विवेकपूर्ण उपयोग और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी ये सभी छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। यदि समाज और सरकार मिलकर इस चुनौती का सामना करें, तभी इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। उत्तराखंड के सामने यह एक चेतावनी है प्रकृति और विकास के बीच संतुलन बिगड़ने का परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने है। यदि आज ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और भयावह रूप ले सकता है। पहाड़ों की यह तपिश और अंधेरा केवल मौसम या तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक संकट का संकेत है, जिसे समय रहते समझना और हल करना बेहद जरूरी है।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर शुद्ध भोजन के लिए विशेष तैयारी

### हरित यात्रा थीम के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय, होटल-ढाबों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**देहरादून।** चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के साथ-साथ तीर्थयात्रियों को स्वच्छ एवं शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। चारधाम यात्रा को इस वर्ष हरित यात्रा थीम के तहत संचालित करने के क्रम में विभाग यात्रा मार्ग पर विशेष निगरानी अभियान चला रहा है। विभाग द्वारा यात्रा मार्ग पर क्विक रिस्पांस टीमों और मोबाइल फूड सेफ्टी वैन की तैनाती की गई है, जो खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच करेंगी। इसके अलावा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 18001804246 भी जारी किया गया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देश पर विभाग द्वारा होटल, ढाबा संचालकों और खाद्य कारोबारियों के साथ लगातार बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत अब तक उत्तरकाशी, श्रीनगर, देवप्रयाग, तीनधारा, चंबा, घनसाली, रुद्रप्रयाग और घट्टगाड़ में 250 से अधिक कारोबारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कारोबारियों को भोजन में तेल, नमक और चीनी का सीमित उपयोग करने, स्वच्छता बनाए रखने और मिलावट रहित भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही 'ईट राइट' अभियान के तहत खाद्य तेल का तीन बार से अधिक उपयोग न करने और उसे बायोफ्यूल निर्माण के लिए देने की सलाह भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सरकार का प्रयास है कि यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करते हुए रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर कार्य किया जाए। चारधाम यात्रा के दौरान इन व्यवस्थाओं से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ ही राज्य के पवित्र धामों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

# घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचीं डीएम आकांक्षा कोंडे

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**बागेश्वर।** कपकोट तहसील के लाथीडुमांजखेत मार्ग पर सोमवार को हुई बोलेरो वाहन दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने प्रत्येक घायल की स्थिति की जानकारी लेते हुए डॉक्टरों से उपचार की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव उपाध्याय को निर्देश दिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा दवाइयों और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बताया गया कि कीमू से चुचेर की ओर जा रही बारातियों से भरी बोलेरो कार लाथी-मांजखेत मार्ग पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे के तुरंत बाद जिलाधिकारी ने कपकोट के एसडीएम अनिल चन्याल से लगातार संपर्क में रहते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की और घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बागेश्वर लाया गया। चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार, दुर्घटना में कुल 12 लोग घायल हुए थे, जिनमें से चार को गंभीर हालत में हल्द्वानी रेफर किया गया। एक घायल को सोमवार शाम और एक को मंगलवार सुबह डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि वर्तमान में छह घायलों का उपचार जारी है।

घटना के बाद डीएम आकांक्षा कोंडे ने पुलिस और परिवहन विभाग को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि शादी-विवाह के सीजन में सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ओवरलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्षमता से अधिक सवारियां ढोने वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

डीएम ने घायलों और उनके परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। साथ ही अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी भी मौजूद रहीं। प्रशासन पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और घायलों के समुचित उपचार के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर झूठ और भ्रम फैला रही है भाजपा: ममता

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण के नाम पर झूठ और दुर्भावनापूर्ण नैरेटिव फैला रही है कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है जबकि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयास किए हैं और हर मोर्चे पर महिलाओं को प्राथमिकता दी है। सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि पिछले दिनों संसद में महिला आरक्षण बिल के नाम पर भाजपा ने सरासर झूठ फैलाया और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल संसद में सर्वसम्मति से पास हो गया था तो भाजपा सरकार ने इसे लागू क्यों नहीं किया जो भाजपा के दोहरे चरित्र को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का महिला आरक्षण बिल संवैधानिक 131 वां संशोधन बिल महिला आरक्षण की आड़ में सांसद और विधानसभा की सीटों को बढ़ाने का था।यह बिल जनगणना परिसीमन की कोशिश में किया गया जो लोकसभा में पास नहीं हो पाया क्योंकि इससे भाजपा की नीयत पता चलती है। ममता रानी ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि मौजूदा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण बिल लागू किया जाए क्योंकि कांग्रेस परिसीमन से जोड़ने और लोकसभा की सीटों को बढ़ाने का विरोध करती है क्योंकि इससे छोटे राज्यों को नुकसान होगा और देश का संघीय ढांचा बिगड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण बिल की आड़ में अपना राजनीतिक एजेंडा चला रही है ताकि वह इसका लाभ ले पाए लेकिन देश की जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो भाजपा कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है वह पूरी तरह से बेबुनियाद है क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और नगर पालिकाओं से लेकर संसद तक महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में स्थान दिया।उन्होंने कहा भाजपा का महिला आरक्षण बिल के नाम पर चेहरा बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी शासनकाल में ऐसे अनेकों बिल पास किये जिसका लाभ महिलाओं को मिला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब भाजपा की रीति नीति से भली भांति वाकिफ हो चुकी है और अब उसके बहकावे में नहीं आने वाली है ।आने वाले समय में जनता भाजपा को इसका कड़ा जवाब देगी और महिलाएं भी सदैव कांग्रेस के साथ रही हैं और आगे भी देश हित और महिला हित के लिए कांग्रेस का साथ देती रहेंगी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव झूठ की राजनीति करती है और लोगों में भ्रम फैलती है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा अपने सिद्धांतों से भटक चुकी है और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के जरिए जनता को छलने का प्रयास कर रही है। ठुकराल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पर जिस प्रकार भाजपा ने सिर्फ आप अपनी अपनी राजनीति चमकाने के लिए इसको सदन में उठाया लेकिन विपक्ष ने उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही महिलाओं और देश की जनता की सच्ची हितैषी है। भाजपा जनता के बीच महिला विरोधी होने का झूठा अभियान चला रही है लेकिन जनता अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली।


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# कल शिकायत, आज समाधान,अंजली को मिला जीजीआईसी लोहाघाट में प्रवेश

### जिलाधिकारी की तत्परता से दिव्यांग बालिका को मिला शिक्षा का अधिकार और वात्सल्य योजना का लाभ

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में चम्पावत जनपद में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम अब त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

आज शिकायत, आज समाधान की कार्यसंस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक संवेदनशील मामले में प्रशासन ने सराहनीय पहल की है।

विगत दिवस आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम फोर्टी, लोहाघाट निवासी श्रीमती शोभा सुते ?ी ने अपनी पुत्री अंजली सुते ?ी के संबंध में एक भावुक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।उन्होंने अवगत कराया कि अंजली जन्म से ही 40 प्रतिशत दिव्यांग है, जिसके कारण उसे विद्यालय में प्रवेश पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

विद्यालय में प्रवेश न होने से न केवल उसकी शिक्षा बाधित हो रही थी, बल्कि मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता के लिए आवश्यक स्कूल एंट्री भी नहीं हो पा रही थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए मात्र एक दिन के भीतर अंजली का प्रवेश राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (त्तत्त्ढ्ढष्ट) लोहाघाट में सुनिश्चित कर दिया गया।इसके साथ ही, बालिका को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके, इसके लिए आवश्यक सभी औपचारिकताएं भी शीघ्र पूर्ण कर दी गई।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर ख? प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यधारा से जो?ना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता मिलन में प्राप्त ऐसी संवेदनशील शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## मुकदमा दर्ज न होने पर दर्जनों कांग्रेसी पहुंचे कोतवाली

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के मामले में मुकदमा दर्ज न होने पर दर्जनों कांग्रेसी व्यापार मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय जुनेजा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और वहां नारेबाजी कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि कुछ समय पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ फर्जी आईडी बनाकर दुष्प्रचार किया गया जिसमें कहा गया कि उन्होंने बंगाली समाज के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है।



उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से यह कार्य किया गया है जो राजनीति से प्रेरित है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ऐसी किसी भी भाषा का प्रयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा की 2 दिन पूर्व विधायक तिलक राज बेहड के नेतृत्व में कोतवाली का घेराव कर पुलिस को तहरीर दी गई थी कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए लेकिन पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। उन्होंने कहा यदि पुलिस ने आज ही मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा जिसमें पूरे जनपद उधम सिंह नगर के कार्यकर्ता शामिल होंगे अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ और फरेब का सहारा ले रही है और कांग्रेसी नेताओं को बदनाम किये जाने का प्रयास किया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि भाजपाई अब एआई की दुकान खोले क्योंकि अब वह झूठ का ही सहारा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से आए मुसलमानों को घुसपैठिया कहा गया यहां रहने वाले सभी धर्म के लोग भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में शीघ्र मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान परिमल राय, इंद्रजीत सिंह, मोहनखेड़ा, विकास मलिक, मालती ढाली, सरजू सिंह ,बाबू खान समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

# लोहाघाट महिला स्पोर्ट्स कॉलेज छमनिया में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ



**लोहाघाट।** धामी सरकार के द्वारा प्रदेश की बालिका खिलाड़ियों को शानदार तोहफा देते हुए लोहाघाट में प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू किया गया है निर्माण कार्य तेजी से जारी है। शासन ने इसी सत्र से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज छमनिया लोहाघाट में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसमें कक्षा 6 से प्रदेश की बालिका खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिसमें एथलेटिक्स , बैडमिंटन व बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई 2026 रखी गई है। जहां बालिका खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं व बेहतर कोच उपलब्ध कराए जाएंगे कक्षाएं फिलहाल लोहाघाट स्पोर्ट्स स्टेडियम में संचालित की जाएगी। प्रवेश लेने के लिए बालिका खिलाड़ी की आयु 11 वर्ष से 13 वर्ष तथा उत्तराखंड का मूल व स्थाई निवासी होना अनिवार्य है चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता परीक्षा ,खेल कौशल व खेल प्रवीणता की जांच की जाएगी। इसके बाद चयन के आधार पर प्रवेश किया जाएगा। बाकी जानकारी के लिए खेल विभाग चंपावत व खेलो इंडिया के कोच मोहन सिंह राणा से संपर्क किया जा सकता है। अगले वर्ष तक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबाल ,वालीबाल, तीरंदाजी के अलावा अन्य खेलों का संचालन भी शुरू किया जाएगा।

वहीं कोच मोहन सिंह राणा व मयंक ओली व लोगों ने प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के संचालन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार को धन्यवाद दिया है। कहा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का संचालन शुरू होने से प्रदेश व क्षेत्र की बालिका खिलाड़ियों को काफी लाभ होगा खेलों के जरिए बालिकाएं अपना भविष्य बन सकती हैं इसके अलावा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून तथा श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ के लिए भी चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## मदरसन फैक्ट्री विवाद में हरीश पनेरू गिरफ्तार, मजदूरों के समर्थन में पहुंचे थे

**हल्द्वानी।** मोटाहल्दू स्थित मदरसन फैक्ट्री में चल रहे कर्मचारियों के आंदोलन ने मंगलवार को नया मोड़ ले लिया, जब मजदूरों के समर्थन में



पहुंचे राज्य आंदोलनकारी और पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।बताया जा रहा है कि हरीश पनेरू सुबह फैक्ट्री परिसर के बाहर पहुंचे थे, जहां वे प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में आवाज उठा रहे थे। इसी दौरान पुलिस और पनेरू के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर काठगोदाम थाने भेज दिया।गिरफ्तारी के बाद पनेरू ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र में अब आवाज उठाना भी अपराध बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है और मजदूरों की समस्याओं को दबाने की कोशिश की जा रही है। मदरसन कंपनी के कर्मचारियों ने बीते सोमवार को भी कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया था। उनकी मुख्य मांगें,न्यूनतम वेतन ?20,000 प्रति माह किया जाए,ओवरटाइम के लिए उचित भुगतान आदि।कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे तय समय से अधिक काम लिया जाता है, लेकिन वेतन अपेक्षाकृत कम दिया जाता है। हरीश पनेरू की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय स्तर पर भी नाराजगी देखने को मिल रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी को भी पुलिस ने एहतियातन नजरबंद कर दिया है, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई है।फिलहाल क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मजदूरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

## हिमांशु नेगी बंधे परिणय सूत्र में बंधे

**देहरादून/** देहरादून में शाही अंदाज में संपन्न हुआ विवाह समारोह, प्रो. महाबीर सिंह नेगी के सुपुत्र हिमांशु नेगी बंधे परिणय सूत्र में। देवभूमि देहरादून में 20 अप्रैल 2026 को एक भव्य एवं गरिमामयी वैवाहिक समारोह का आयोजन किया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर सिंह नेगी के सुपुत्र हिमांशु नेगी (सम्पदा अधिकारी) विवाह बंधन में बंध गए। देहरादून स्थित उनके निवास 'दिव्या विहार' में आयोजित इस समारोह में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल की शाम बारात धूमधाम से निकली, जिसमें परिजन, रिश्तेदारों के साथ-साथ कई सांसद, विधायक, मंत्री और शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। यह वैवाहिक आयोजन पारंपरिक पहाड़ी रीति-रिवाजों और आधुनिक भव्यता का अद्भुत संगम रहा, जिसने उपस्थित अतिथियों को आकर्षित किया। समारोह के दौरान शुभचिंतकों और मित्रों द्वारा नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने का सिलसिला लगातार जारी रहा।प्रोफेसर महाबीर सिंह नेगी, जो अपने लंबे शैक्षणिक अनुभव और सामाजिक योगदान के लिए जाने जाते हैं, के परिवार में इस खुशी के अवसर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।इस पावन अवसर पर सभी ने वर-वधू के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की।

## ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज में हुई एनसीसी की चयन प्रक्रिया

**कालाढूंगी।** सोमवार को ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला में 79 यूके बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल अभिजीत मेहता के निर्देशन में एसीसी इकाई की नए कैडेट्स की भर्ती गई गई जिसमें बटालियन के एनसीसी ट्रेनर जसवंत सिंह रावत एवं फर्स्ट ऑफिसर मनमोहन सिंह बसेड़ा के द्वारा चयन प्रक्रिया की गई जिसमें लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया उसमें से 23 कैडेट्स का चयन एनसीसी के लिए किया गया चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता दौड़ पुश अप व स्वास्थ्य जांच की गई उसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की गई तत्पश्चात सफल अभ्यर्थियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू जोसेफ ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एसीसी में भर्ती होने के बाद एनसीसी के सूत्र वाक्य एकता और अनुशासन के अनुसार कार्य करना चाहिए तथा अनुशासन में रहना चाहिए इस दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य रीना कंबोज रेनू बिस्ट दीपिका बधानी प्रकाश चन्द्र सिस्टर स्वर्णा, नीता नेगी आदि मौजूद रहे।

## फर्जी आईडी बनाकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की छवि धूमिल करने की साजिश

**शक्तिफार्म।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर बंगाली समाज के खिलाफ भ्रामक पोस्ट करने का मामला तूल पकड़ गया है। सोमवार को यूथ कांग्रेस नेताओं ने शक्तिफार्म पुलिस को लिखित शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। यूथ कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने सुनियोजित तरीके से प्रदेश अध्यक्ष की फर्जी आईडी बनाकर उससे आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां पोस्ट कीं। उनका कहना है कि यह साजिश न केवल उनकी छवि खराब करने के लिए रची गई, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास भी किया गया। इस मामले में गणेश गोदियाल ने स्वयं स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उक्त अकाउंट से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई तकनीक का दुरुपयोग कर उनकी फर्जी पहचान तैयार की गई है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि ऐसे भ्रामक संदेशों पर विश्वास न करें। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्तिफार्म पुलिस से मामले की त्वरित जांच कर फर्जी अकाउंट संचालित करने वाले मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी की मांग की है। इस दौरान अमित विश्वास, अर्जुन विश्वास, समीर मल्लिक, प्रशांत मजूमदार, पीयूष हीरा, अजय, देव और पंकज साना सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर कोतवाली में प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई है।

# सोर वैली में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**पिथौरागढ़।** सोर वैली पब्लिक स्कूल, पिथौरागढ़ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देखने को मिला। विद्यालय के छात्र ध्रुव चंद रजवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 500 में से 478 अंक (95.6 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। ध्रुव ने हिंदी में 98 प्रतिशत, विज्ञान में 96 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान में 96 प्रतिशत तथा गणित में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ध्रुव चंद रजवार के पिता डॉ. महेश चंद रजवार जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में वरिष्ठ फिजिशियन के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती मंजू रजवार इसी विद्यालय में प्रधानाचार्या हैं। विद्यालय की छात्रा सिमरन कोहली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 460 अंक (92 प्रतिशत)प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। सिमरन ने अंग्रेजी में 99त्न तथा हिंदी में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उनके पिता चंद्र प्रकाश एक सरकारी विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं एवं माता किरण कोहली गृहिणी हैं। वहीं पारस अवस्थी एवं श्वेता चन्याल ने 500 में से 437 अंक (87.4प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। पारस अवस्थी के पिता चंद्रशेखर अवस्थी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव हैं तथा माता श्रीमती मीनाक्षी अवस्थी गृहिणी हैं। श्वेता चन्याल के पिता श्री गोविंद प्रसाद ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं एवं माता श्रीमती कविता देवी गृहिणी हैं। विद्यालय के इस शानदार परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में कक्षा 10 के मेधावी छात्रों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक गण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रशासन द्वारा आधिकारिक रूप से परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों ध्रुव चंद रजवार, सिमरन कोहली, पारस अवस्थी एवं श्वेता चन्याल को मंच पर अभिभावक सहित आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से सभी मेधावी छात्रों को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह (ट्रॉफी) एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। सम्मान प्राप्त करते समय छात्रों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी तथा उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रबंधक डॉ. उमा पाठक ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू रजवार ने अपने संबोधन में कहा कि मेधावी छात्र विद्यालय की पहचान होते हैं और उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। उन्होंने सभी छात्रों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगणों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह के उपरांत विद्यालय में सभी विद्यार्थियों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# चूड़ाकर्म संस्कार पर समलौण पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**पौड़ी गढ़वाल।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खंड पाबो के पट्टी बिडोलस्यूं अंतर्गत ग्राम पसीणा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। यहां हर्ष पति थपलियाल एवं कमला देवी के पुत्र गणेश चंद्र थपलियाल तथा विनीता देवी के पुत्र राघव थपलियाल के चूड़ाकर्म संस्कार के अवसर पर घर के आंगन में मौसमी का समलौण पौधा रोपित किया गया। इस पहल के माध्यम से परिवार ने संस्कार को यादगार बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया। रोपित पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी राघव की मां विनीता देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण साथी भोला दत्त नौटियाल ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में पर्यावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि समलौण अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें जीवन के हर संस्कार के अवसर पर पौधारोपण को परंपरा के रूप में अपनाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से जंगलों को आग से बचाने और हर शुभ अवसर पर समलौण पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर गौतम थपलियाल, हेमा देवी सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**उत्तरकाशी।** रामचन्द्र उनियाल राजकीय महाविद्यालय उत्तरकाशी में कैरियर काउंसलिंग सेल के तत्त्वाधान कैरियर काउंसलिंग पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पंकज पंत की अध्यक्षता में कार्यक्रम की नोडल प्रो मधु थपलियाल के नेतृत्व में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ डी पी बलूनी, अति विशिष्ठ अतिथि रिटायर्ड मेजर आर एस जमनाल, एडिशनल डायरेक्टर स्व्नस्रुजयपुर डॉ राजे सिंह, शौर्य चक्र विजेता हवलदार खेमराज सिंह,पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक अक्षय कुमार तथा कैरियर काउंसलिंग सेल के समस्त सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के शुरुआत में प्राचार्य प्रो पंकज पंत ने छात्र छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति दूरदृष्टि रखते हुए आत्मनिर्भर बनने प्रेरणा दी और साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ प्रेषित की पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अक्षय कुमार ने छात्र छात्राओं को बेकिंग सेक्टर से संबंधित जॉब्स और कैरियर के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया उन्होने डेटा और फिगर के साथ बैंकिंग जॉब्स की तैयारी किस स्तर की और कैसे करनी है, यह बताते हुए आईबीपीएस की भी विस्तार से जानकारी साझा किया। एडिशनल डायरेक्टर स्व्नस्रुजयपुर डॉ राजे सिंह ने विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए । साइबर क्राइम, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों में साइंटिस्ट के रूप में कार्य करने के अवसर के लिए उन्होंने छात्र छात्राओं को जागरूक किया। फोरेंसिक साइंस में पर्याप्त अवसरों और चुनौतियों की भी चर्चा की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ डीपी बलूनी ने कहा कि छात्र छात्राओं को अपने अभिरुचि के अनुसार व अपनी क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनना चाहिए । मेजर आर एस जमनाल का सम्बोधन विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक रहा ।उन्होंने रक्षा के क्षेत्र में अवसरों को छात्र छात्राओं के समक्ष रखा । भारतीय सेना में शामिल होने की प्रक्रिया एवं सेना में मिलने वाली सुविधाओं को साझा किया । उन्होंने वीडियो के माध्यम से भी विद्यार्थियों को भारतीय सेना में जाने के प्रेरित किया। रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गिरीश बिष्ट ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेश में कैरियर के विभिन्न अवसरों से अवगत कराया । अंत में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो मधु थपलियाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियों के पाँच लक्षणों को बताते हुए कहा कि हमे जीवन में वही चुनना चाहिए जिससे हम खुशी मिले । कार्यक्रम का संचालन डॉ अनामिका क्षेत्री ने किया । इस अवसर पर डॉ प्रियंका संगल, डॉ नरेंद्र जहाँगीड, डॉ शिक्षा सेमवाल, डॉ नीतू राज, डॉ शिवम, डॉ मनीष सेमवाल, डॉ गम्भीर तोमर, और 600 से अधिक छात्र छात्राएँ ऑनलाइन ऑफलाइन माध्यम से उपस्थित रहे ।

# विधायक महर ने की विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को शुरू करने की मांग

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा की गई। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, वन, विद्युत, आर्थिक सहायता, विस्थापन, संपर्क मार्ग, कुटीर उद्योग एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विधायक मयूख सिंह महर द्वारा पिथौरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो पानी के टैंकर तथा महिला चिकित्सालय में लिफ्ट स्थापना के लिए विधायक निधि से स्वीकृत धनराशि के उपयोग का मामला उठाया गया। विधायक ने कहा कि दो पानी के टैंकरों हेतु लगभग 40 लाख रुपये तथा महिला चिकित्सालय में लिफ्ट स्थापना हेतु लगभग 40 लाख रुपये की धनराशि पूर्व में स्वीकृत की जा चुकी है। संबंधित पत्र भी मुख्य विकास अधिकारी को भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनहित के दृष्टिगत दोनों कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके। विधायक ने यह भी कहा कि सरकार समय-समय पर जनहित के कार्यों के लिए नियमों में शिथिलता प्रदान करती रही है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से प्रकरण का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत दोबांस निवासी व्यक्ति द्वारा सिमलखेत पेयजल योजना का मामला उठाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि योजना का निर्माण कार्य अब तक पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाया है तथा ग्रामीणों को नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल रही है। क्षेत्रवासी वर्तमान में लगभग 35 वर्ष पुरानी जर्जर पेयजल लाइन पर निर्भर हैं। नई पाइपलाइन का कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है और लगभग एक किलोमीटर पहले ही पाइपलाइन अधूरी पड़ी हुई है। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर योजना को पूर्ण मानते हुए ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिया गया है। शिकायत में यह भी बताया गया कि 31 दिसंबर 2024 के बाद भी कुछ लाभार्थियों से पेयजल बिल लिया गया, जबकि नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। वर्तमान में ग्रामीण स्वयं पुरानी योजना का संचालन एवं रखरखाव कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सिमलखेत पेयजल योजना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा क्षेत्रवासियों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसील बंगापानी अंतर्गत आपदा प्रभावित विस्थापित परिवारों की समस्याओं से संबंधित एक प्रकरण भी प्राप्त हुआ। शिकायत में ग्राम पंचायत सिरतोला के तोक सेरागाड़, ग्राम पंचायत सीलिंग के तोक उमड़गाड़ा तथा ग्राम पंचायत टांगा के तोक लोदी गाड़ एवं टोक टांगा के विस्थापित परिवारों के लिए संपर्क मार्ग एवं पेयजल व्यवस्था न होने की समस्या उठाई गई।



शिकायतकर्ताओं ने बताया कि विस्थापन के चार से पांच वर्ष बाद भी इन परिवारों को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु संपर्क मार्ग तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शीघ्र जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा संपर्क मार्ग एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम सुवाकोट (वड्डा) बिण की जय लटेश्वर बाबा स्वायत्त सहकारिता समिति द्वारा कुटीर उद्योग संचालन हेतु भवन उपलब्ध कराए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। समिति ने अवगत कराया कि उद्योग विभाग का एक भवन क्षेत्र में रिक्त पड़ा है, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। समिति उक्त भवन को नियमानुसार लीज पर लेकर कुटीर उद्योग संचालित करना चाहती है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य सिलौनी द्वारा माना गांव पेयजल योजना के लंबे समय से बंद पड़े होने का मामला भी उठाया गया। शिकायत में बताया गया कि योजना पूर्व में जल निगम को हस्तांतरित की जा चुकी है, लेकिन अब तक इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिससे योजना के संचालन एवं रखरखाव में समस्या आ रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जल निगम से जानकारी लेने पर भी योजना के हस्तांतरण की पुष्टि नहीं हो सकी है, जिसके कारण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के हस्तांतरण की स्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जाएं तथा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को शीघ्र सुचारु किया जाए। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, सीएमओ डॉ. एस. एस. नबियाल समेत विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# दर्जा राज्यमंत्री पिलखवाल ने धामस बाजार में किया जनसंपर्क

**अल्मोड़ा।** राज्यमंत्री गोविंद पिलखवाल ने खूट पहुंचकर भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पैतृक गांव में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पंत को राष्ट्रीय धरोहर बताते हुए कहा कि उन्होंने छोटे से गांव से निकलकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने लोगों से पंत के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने धामस बाजार में जनसंपर्क कर स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय सिंह बिष्ट, मंडल महामंत्री सुंदर सिंह मटियानी, मनीष बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद सिंह डंगवाल, चंदन सिंह भोज, जगत सिंह चौहान, पान सिंह भोज, नगर निगम पार्षद अमित शाह, अर्जुन बिष्ट, विशन सिंह कनवाल, रमेश धपोला, कृष्ण सिंह बहादुर, कुंदन कुमार सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह बिष्ट, संजय सिंह बिष्ट, राहुल बिष्ट, भगवान सिंह बिष्ट, सोनू बिष्ट, सरस्वती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देगी नई सचिव रानीता विश्वकर्मा


**पौड़ी गढ़वाल (अंकित उनियाल)।** उत्तराखंड महिला स्वास्थ्य कर्मी सेवा संघ (संयोजक मंडल) में सचिव पद पर निर्वाचित होने के उपरांत रानीता विश्वकर्मा ने समस्त मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की सभी माताओं-बहनों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आवाज़ को सशक्त मंच देना उनकी प्राथमिकता रहेगी और संगठन को एक मजबूत, सक्रिय एवं परिणामदायी मंच के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन अब केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए प्रत्येक महिला तक पहुंचेगा। स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत महिला कर्मियों की समस्याओं, उनके कार्यस्थल की चुनौतियों, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया




जाएगा। साथ ही, प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। रानीता विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेगा और किसी भी प्रकार की अनदेखी या उपेक्षा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील की कि वे संगठन के साथ जुड़कर अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखें, ताकि उन्हें उचित मंच मिल सके और सामूहिक प्रयासों से उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, बैठकें और अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस अवसर पर मंजू नेगी, मनीषा, सरीता, पूजा नेगी, हेमंती, रिंकी, मंजू असवाल, चंद्रिका, अनिता बिष्ट, अनिता, सरिता मेहर, रंजना सहित अन्य महिलाओं ने नव निर्वाचित सचिव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की कामना की।

# जब 9 लाख कत्यूरियों की सेना ने रानीबाग में किया रूहेलों का संहार


## रानीबाग की स्थापना करने वाली जियारानी की बहू व पुत्र थे राजुला व मालूशाही



प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. डी. डी. शर्मा के अनुसार कुमाऊं की लोक गाथाओं व रानीबाग के कत्यूरी जागर में कत्यूरी वीरांगना जिया मायापुर हाट (हरिद्वार) के राजा अमरदेव पुंडीर की मझली बेटी मौलादेवी थी। उसकी बड़ी बेटी का नाम गंगादेवी तथा छोटी का नाम कन्नरा या कण्डरा था। गंगा देवी का विवाह खैरागढ़ के कत्यूरी राजा पिथौरा (शहर पिथौरागढ़ के संस्थापक) उर्फ प्रीतम देव उर्फ पृथ्वीपाल से हुआ था। छोटी पुत्री कन्नरा का विवाह धूमाकोट के राजा झलराई से हुआ था। जिसका पुत्र गोलू देवता या गोरिया था। पारिवारिक दबाव में मौलादेवी जो बाद में रानी जिया कहलाई का विवाह 12 वर्ष की आयु में 80 वर्ष के नि:संतान राजा प्रीतम शाही की द्वितीय पत्नी के रूप में कराया गया। रानी ने भगवान सूर्य की कृपा से तीन पुत्र प्राप्त किये। जिनके नाम दूधिगुरु, दुलाशाही व समुआ मसाण थे। दुलाशाही को ही मालूशाही भी कहा जाता है। जिसका नाम राजूला से प्रेम के कारण इतिहास में स्वर्णाक्षरों से अंकित हो गया। इसी युग्म से प्रसिद्ध शासक मल्लोहीत का जन्म हुआ जिसके सात पुत्रों में हरू देव सबसे छोटा था। चम्पावत में तब ज्ञानचंद(1379-1420) तथा विक्रम चन्द(1420-1442) का शासन था। मौलादेवी या जियारानी एक बार तीर्थाटन में निकली। उन्होनें नैना देवी मंदिर नैनीताल की स्थापना की। भीमताल होते हुए वह चित्रशिलाघाट पहुंची। उन्होनें वहां विशाल उद्यान लगवाए। तभी से वह स्थान रानीबाग कहलाया। यहां उसने कत्यूरियों के कुल देवता नरसिंह, शीतलादेवी व हणमंतवीर के मंदिरों की स्थापना की। एक बार रानी गौला नदी के तट पर स्नान कर रही थी तभी सन 1418 में रुहेलखण्ड के मुस्लिम शासकों रुहेलों ने आक्रमण कर दिया। रानी ने अपने सेना नायक निसंग महर और कत्यूरी वीरों के साथ अदम्य साहस से उनका सामना किया। परंतु आक्रमण कारियों की विशाल संख्या के सामने रानी टिक नहीं पाई और उन्होनें वहीं समीप की एक गुफा में आश्रय लिया। जब यह समाचार कत्यूरी नरेश तक पहुंचा तो नौ लाख कत्यूरियों की सेना ने मकर संक्रांति के दिन रानी बाग में ऐसा तांडव मचाया कि जहां देखो रुहेलों के शव ही शव पड़े हुए थे। उन्होंने रुहेलों को गाजर मूली की तरह काट डाला। कत्यूरियों का रौद्र रूप देखकर रुहेलों की रूह कांप उठी। रानी बाग में इस विजय के उपलक्ष्य पर प्रत्येक मकर संक्रांति के दिन विशेष उत्सव आयोजित होता है। लोग जय जिया के उद्घोष से इस विजयोत्सव को रानी जिया की जागर गाथा सुनाकर चित्र शिलाघाट में स्नान करते हैं और पवित्र गुफा के दर्शन करते हैं। इतिहासकार डॉक्टर मदन भट्ट की पुस्तक लोकगंगा के अनुसार समरकंद के सम्राट तैमूर लंग ने जब 1398 ई में हरिद्वार में आक्रमण किया तो रानी जिया अपने मायके की रक्षा के लिए सत्रह वर्ष के बेटे दुलाशाही के साथ गंगा तट पर पहुंची। पिरान कलियर नामक स्थान में कत्यूरियों ओर तैमूर की सेना के बीच भयंकर युद्ध हुआ जिसमें तैमूर के हजारों योद्धाओं के साथ बली और पीर भी मारे गए।

# पौड़ी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु भारती का लोकतांत्रिक गठन, छात्रों ने संभाली जिम्मेदारी

**पौड़ी गढ़वाल।** पौड़ी गढ़वाल के विकासमार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए शिशु भारती का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी छात्रों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया।नवगठित शिशु भारती में रिया को अध्यक्ष, तन्मय को उपाध्यक्ष, श्रुति बहुगुणा को मंत्री, अभिषेक को उप मंत्री, प्रियांशु थपलियाल को सेनापति और वेदांश जोशी को उप सेनापति चुना



गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों के लिए भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिनमें शिशु भारती प्रमुख आस्था बहुगुणा, स्वच्छता विभाग में वैष्णवी, अतिथि विभाग में कनिष्क, खोया-पाया विभाग में अमन बमराडा, पुस्तकालय विभाग में आयुष रावत, विद्युत विभाग में गौरांश बहुगुणा, चिकित्सा विभाग में रितिका, वंदना विभाग में जीविका और सांस्कृतिक विभाग प्रमुख के रूप में सृष्टि को दायित्व दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य होरी प्रसाद हटवाल, सुखपाल सिंह, जसपाल सिंह, विनोद मुंडेपी, बृजपाल, हरेंद्र, नीलम रूबी, मेनका, निशा कंचन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यालय में इस प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और अनुशासन का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# आपदा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु 3 करोड़ स्वीकृत

**पिथौरागढ़।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आपदा से संवेदनशील ग्रामों एवं तोकों के प्रभावित परिवारों के विस्थापन/पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जनपद की पाँच तहसीलों—धारचूला, मुनस्यारी, कनालीछीना, बंगापानी एवं पिथौरागढ़—से आपदा से संबंधित कुल 11 प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्राप्त हुए। इनमें धारचूला से 4, कनालीछीना से 1, पिथौरागढ़ से 2, मुनस्यारी से 1 तथा बंगापानी से 3 प्रस्ताव शामिल हैं। तहसील धारचूला के ग्राम बुंगबुंग (तोक सिमखोला, छल्माछिलासो), तहसील बंगापानी के ग्राम टांगा, वल्थी (तोक देबीबगड़) एवं बिन्दी, तहसील पिथौरागढ़ के ग्राम भटयूड़ा एवं गणकोट, तहसील कनालीछीना के ढटखोला (तोक खालीगैर) तथा तहसील मुनस्यारी के ग्राम भदेली सहित विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों के कुल 75 परिवारों को पुनर्वास योजना से आच्छादित किया गया है। प्राप्त प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों का पुनर्स्थापन सुनिश्चित किया गया। धारचूला के 56 परिवार, कनालीछीना के 3 परिवार, पिथौरागढ़ के 4 परिवार, मुनस्यारी के 4 परिवार तथा बंगापानी के 8 परिवारों का सफलतापूर्वक पुनर्स्थापन किया जा चुका है। राज्य सरकार की भूमि पर इन परिवारों के सुरक्षित विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु प्रति परिवार 4,25,000 रुपए की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिसमें भवन निर्माण हेतु 4,00,000 रुपए, गौशाला निर्माण हेतु 15,000 रुपए एवं घरेलू सामान के विस्थापन हेतु 10,000 रुपए की धनराशि सम्मिलित है। इस प्रकार कुल 75 परिवारों के लिए 3,07,37,000 (रुपये तीन करोड़ सात लाख सैंतीस हजार) की धनराशि निर्गत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे पुन: सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें।

# सीओ उत्तरकाशी द्वारा पुलिस ड्यूटियों को चैक कर दिये गये व्यवस्थित यातायात के निर्देश

**उत्तरकाशी (मोहन सिंह राणा)।** उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा- 2026 का भव्य आगाज हो गया है। प्रतिदिन हजारों की तदाद में श्रद्धालु श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम पर दर्शन को पधार रहें है। तीर्थयात्रियों की सरल, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिये पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस के जवान लगातार मुस्तैद है। पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार सोमवार को गंगोत्री-यमुनोत्री हाईवे पर स्थान मातली, बडेती, रतूडीसेरा, डुण्डा, नालुपानी, धरासू बैण्ड, नगुण, कल्याणी ब्रह्मखाल, शिवगुफा, सिलक्यारा, ग्योनोटी, रॉडी टॉप आदि स्थलों पर प्वाइंट टू प्वांइट पुलिस ड्टियों को चैक कर सुगम यातायात प्रबन्धन के निर्देश दिये गये संकरे व संवेदन शील स्थानों पर जवानों को अलर्ट रहते हुये ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। ब्रह्मखाल शिवगुफा के पास रुकने व दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्थित एवं कतारबद्ध तरीके से दर्शन करवाने के साथ वहां पर वाहनों को सही तरीके से पार्क करवाने व स्मुथ ट्रैफिक संचालन के निर्देश दिये गये। इस दौरान उनके द्वारा श्रद्धालुओं से यात्रा/सुरक्षा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक धरासू, मनोज असवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



# जिला अस्पताल में दो डायलिसिस मशीन की सौगात

**उत्तरकाशी।** जनपद उत्तरकाशी में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विधायक, गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र सुरेश चौहान के करकमलों द्वारा जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में दो नई डायलिसिस मशीनों का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह पहल जनपद के मरीजों को बेहतर एवं सुलभ उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी. एस. रावत, प्रमुख अधीक्षक डॉ पी एस पोखरियाल, डॉ मानसी, वरणा (एसपीएमओ), हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय विधायक द्वारा जानकारी दी गई कि उत्तराखंड सरकार जनपद में चिकित्सा सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सुविधाओं का विस्तार किया जाता रहेगा। ज्ञात हो कि जनपद में अब तक सीमित संख्या में डायलिसिस मशीनें उपलब्ध होने के कारण किडनी संबंधी मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई दो मशीनों के स्थापित होने से अब मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा, जिससे उन्हें अन्य जनपदों की ओर जाने की आवश्यकता में भी कमी आएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे सराहनीय कदम बताया।



# श्री गंगोत्री-यमुनोत्री धाम यात्रा का सुगम संचालन

**उत्तरकाशी।** श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन के उपरांत प्रशासन तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। कतारबद्ध दर्शन से लेकर मार्ग की सुरक्षा तक हर स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर यात्रियों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल और सहायता केंद्रों के साथ-साथ सुव्यवस्थित आवागमन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस पावन यात्रा के दौरान प्रत्येक तीर्थयात्री को एक सुरक्षित, सुलभ और सुखद अनुभव प्राप्त हो इसके लिये प्रशासन प्रतिबद्ध है।



# अल्मोड़ा सहित समस्त पर्वतीय जनपदों की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर विधायक मनोज तिवारी ने उठाए सवाल

**अल्मोड़ा।** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस सेवा पर आम जनता की जिंदगी निर्भर करती है, वही आज लापरवाही और अव्यवस्था की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। विधायक के कहा कि कई बार आपात स्थिति में 108 समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहीं एंबुलेंस के टायर खराब हैं तो कहीं ईंधन की कमी के चलते वाहन खड़े हैं, जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और स्वास्थ्य विभाग को इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़ा मामला है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इसी क्रम में विधायक मनोज तिवारी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अल्मोड़ा जैसे बड़े जिले में आज तक जरूरी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के किसी भी सरकारी चिकित्सालय, यहां तक कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में भी नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट और न्यूरो सर्जन जैसे अहम विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मजबूरन हल्द्वानी या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सरकार की उदासीनता को भी दर्शाती है, और अब तक इन पदों को भरने के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहा है, जो सीधे तौर पर आम जनता के जीवन से खिलवाड़ के समान है इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाली, सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी और अस्पतालों में टेक्निकल स्टाफ की भारी कमी जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों को वे पहले ही विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के जीवन से सीधे जुड़े इन बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी लगातार जारी है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार इन गंभीर मुद्दों पर केवल आश्वासन तक सीमित है, जबकि आम लोगों को आज भी समय पर एम्बुलेंस, विशेषज्ञ डॉक्टर और पर्याप्त स्टाफ की सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर पड़ता जा रहा है। इस संदर्भ में विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान उनके कार्यकाल में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रयास कर अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करवाई गई थी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी थी। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 के बाद से ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार इस मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और इसे बेहतर ढंग से विकसित करने के मुद्दे पर मूकदर्शक बनी हुई है। विधायक ने कहा कि जिस संस्थान को क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनना चाहिए था, वह आज संसाधनों और विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा है, जो सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जनपद की इन स्वास्थ समस्याओं को वे दर्जनों बार मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ सचिव के संज्ञान में पत्रों द्वारा, दूरभाष द्वारा एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी ला चुके हैं लेकिन अब तक जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जस की तस है। विधायक मनोज तिवारी ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि सरकार अब भी स्वास्थ्य जैसे बेहद संवेदनशील मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाती है,तो उन्हें अंतिम विकल्प के रूप में जनहित में जनता को साथ लेकर व्यापक जनांदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि आम जनता के जीवन और उनके अधिकारों की है और जरूरत पड़ने पर इस मुद्दे को सड़कों पर भी मजबूती से उठाया जाएगा।

# कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात**

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति एवं पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से की मुलाकात व ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी एवं पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी को अवगत कराया कि वर्तमान समय में शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की भारी कमी बनी हुई है, जिससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से ठेली संचालक, चाय विक्रेता, टिक्की, समोसा, होटल एवं रेस्टोरेंट से जुड़े



कारोबारियों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कई छोटे दुकानदारों का व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच गया है, वहीं कुछ को अपने काम में कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि कमर्शियल सिलेंडरों की नियमित एवं समान आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक पारदर्शी रोस्टर प्रणाली लागू की जाए, ताकि छोटे से छोटे व्यापारी तक भी सिलेंडर उपलब्ध हो सके। साथ ही शहर में पीएनजी गैस कनेक्शनों का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे भविष्य में गैस आपूर्ति संबंधी समस्याओं से आम जनता को राहत मिलेगी और लंबी लाइनों की स्थिति से बचा जा सकेगा। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर रोस्टर तैयार किया जाएगा, जिससे लघु एवं मध्यम व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें।

साथ ही पीएनजी पाइपलाइन विस्तार के लिए संबंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क कर कनेक्शनों को बढ़ावा दिया जाएगा।इस अवसर पर पार्षद गौरव खुराना, पवन गाबा, अंशुल अग्रवाल, भरत बत्रा, दीपक कुमार, संतोष कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसएसपी

**एसएसपी अजय गणपति की अध्यक्षता में सिडकुल के एचआर व प्लांट हेड के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी संपन्न**

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में सिडकुल रुद्रपुर एवं नगर की मुख्य कंपनियों के प्लांट हेड और एचआर हेड के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। यह बैठक औद्योगिक क्षेत्र में विगत दिनों हुए प्रदर्शनों के बाद सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और भविष्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। गोष्ठी में एसएसपी द्वारा औद्योगिक शांति और सुरक्षा प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा



कंपनियों के प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वे श्रमिकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें ताकि किसी भी प्रकार के असंतोष को समय रहते आंतरिक रूप से सुलझाया जा सके और विरोध प्रदर्शन जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कंपनियों को अपने गेट और बाहरी परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके। एलआईयू, थानाध्यक्ष पंतनगर और चौकी प्रभारी सिडकुल को निर्देशित किया गया कि वे औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय बढ़ाएं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस तत्काल कार्यवाही कर सके।

बैठक में उपस्थित प्लांट हेड और एचआर हेड ने भी अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर एसएसपी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही सख्त लहजे में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की शांति भंग करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी, आसपा का समर्थन



**सितारगंज।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मिनी कर्मचारी संगठन द्वारा अपनी लंबित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर बाल विकास कार्यालय में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। कार्यकर्ताओं के आंदोलन को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है।आजाद समाज पार्टी (आसपा) के नेता सत्येंद्र कुमार धरना स्थल पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं की मांगों को जायज बताते हुए पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी और उनके कार्यकर्ता इस संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े हैं। धरने पर बैठी कार्यकर्ताओं ने राज्य और केंद्र सरकार से प्रमुख मांगों में मानदेय वृद्धि, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख की एकमुश्त सहायता, सुपरवाइजर पदों पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति तथा बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली को लागू न करने की मांग उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा और इसे और उग्र किया जाएगा। धरने में सुखदेव कौर, जमनोत्री, अनीता रानी, कुलवंत कौर, सरिता और मंजू राणा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# प्री पीएचडी के लिए काउंसिलिंग 24 को

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में प्री पीएचडी के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 24 अप्रैल, को होगी। विश्वविद्यालय के शोध एवं प्रसार निदेशालय प्रो जगत सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित विद्यार्थी काउंसिलिंग की तिथि को हिंदी विभाग में शुल्क जमा कर अपने से संबंधित विभागों में उपस्थित होंगे। पूर्वाह्न 11 बजे से संबंधित विभागों में काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने आगे बताया कि काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी, और चयनित अभ्यर्थियों की सूची को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

# चौखुटिया पुलिस ने दो माह बाद ढूंढ निकाला खोया हुआ टैब

**अल्मोड़ा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत अल्मोड़ा पुलिस द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। चौखुटिया पुलिस ने दो माह पूर्व गुम हुआ टैब बरामद कर उसके स्वामी को लौटा दिया। प्रकरण में 18 फरवरी को प्रदीप कुमार पुत्र बंशीधर निवासी ग्राम सिरोली, थराली जनपद चमोली ने कोतवाली चौखुटिया में प्रार्थना पत्र देकर अपना टैब गुम होने की सूचना दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा सभी थानाध्यक्षों को ऑपरेशन प्रहार के तहत शिकायतों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक चौखुटिया अशोक कुमार और प्रभारी साइबर सेल राहुल राठी के नेतृत्व में टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सर्विलांस और तकनीकी सहायता के माध्यम से लगातार प्रयास किए। टीम ने गुम हुआ टैब चौखुटिया क्षेत्र के भनोटिया स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से बरामद किया। इसके बाद बरामद टैब उसके स्वामी प्रदीप कुमार को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से संतुष्ट होकर प्रदीप कुमार ने चौखुटिया पुलिस का आभार जताया।

# विभिन्न संगठनों ने हेमंत बिष्ट को दी श्रद्धांजलि, योगदान को किया याद

**अल्मोड़ा।** बजरंग दल के पूर्व संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय हेमंत बिष्ट के आकस्मिक निधन पर नगर निगम सभागार में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी ने कहा कि हेमंत बिष्ट बचपन से ही बजरंग दल से जुड़े रहे और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, ऊर्जा और समर्पण उल्लेखनीय था। उन्होंने बताया कि हेमंत बिष्ट ने अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने अल्प आयु में संगठन और समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। नगर महापौर अजय वर्मा ने उन्हें ऊर्जावान, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन समाज और संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। दीपक पांडे ने कहा कि हेमंत बिष्ट का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सूरज सिराड़ी, अनूप शाह, हेमंत रावत, जितेंद्र बिष्ट, राजेंद्र मेहता, सुरेश कांडपाल, जगत तिवारी, विनोद जोशी, कमला तिवारी, मीना तिवारी, पूनम रस्तोगी, मीना नेगी, शुभम रौतेला, आनंद भोज, इंद्र नेगी, जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, कैलाश गुरुरानी, गुलजार खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# द्वाराहाट क्षेत्र पंचायत की समस्याओं पर समीक्षा बैठक आयोजित

**अल्मोड़ा।** क्षेत्र पंचायत द्वाराहाट की पूर्व में आयोजित बैठक में प्राप्त शिकायतों और समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा की अध्यक्षता में विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सोमवार को आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों की स्थिति का एक-एक कर अवलोकन करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, पंचायती राज, पूर्ति, ग्राम्य विकास और समाज कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतों की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत स्तर पर उठाई गई समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जाने वाली समस्याओं पर सक्रियता से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रत्येक प्रकरण की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख द्वाराहाट आरती किरौला सहित स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, पूर्ति, समाज कल्याण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता मिलन में 59 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई डीएम ने निस्तारण के दिए निर्देश




## जिलाधिकारी ने दिव्यांग को दिलाई त्वरित राहत, मौके पर ही शुरू कराई प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की प्रक्रि या

**चंपावत।** जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की कुल 59 शिकायतें दर्ज की गई।जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान पासम निवासी कैलाश चंद्र एवं ग्राम प्रधान राधिका देवी द्वारा पेयजल समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को तत्काल टैंक मरम्मत एवं जलापूर्ति सुधार के निर्देश दिए। ग्राम त्यारसों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अनियमित जलापूर्ति को पूरी तरह सुचारु रखने के भी निर्देश दिए गए।

राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय आमनी में भूस्खलन की समस्या पर जिलाधिकारी ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को आवश्यक एवं नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।ग्राम पंचायत मोस्टा बकोड़ा के जन्म से दृष्टिबाधित दिव्यांग केदार राम की शिकायत पर त्वरित पहल करते हुए जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को तत्काल जिला अस्पताल भेजकर उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कराई।

केशव राम की खतौनी में नाम संशोधन के प्रकरण पर उपजिलाधिकारी लोहाघाट को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों में शोभा सूतेड़ी को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना का लाभ दिलाने तथा भवान सिंह की लंबित पेंशन को शीघ्र जारी करने हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई।मदन सिंह द्वारा खटोली क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हेतु चेक डैम निर्माण के प्रस्ताव पर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त दीवान सिंह, अनिल जोशी, महेश सिंह बोरा, अमर नाथ एवं दीपक कुमार सहित अन्य नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में ?54,000 की ठगी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, जिला विकास अधिकारी दिनेश डिगारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 93 वर्षीय वयोवृद्ध शिक्षक चिरंजी लाल वर्मा का जिलाधिकारी ने किया सम्मान

**चंपावत।** जनपद चम्पावत में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले ग्राम गोशनी खेतीखान निवासी 93 वर्षीय वयोवृद्ध आदर्श शिक्षक चिरंजी लाल वर्मा को जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सम्मानित किया इस अवसर पर



जिलाधिकारी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान प्रकट किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। शिक्षक वर्मा का जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण, संघर्ष और प्रेरणा का अद्वितीय उदाहरण रहा है। उस समय जब खेतीखान क्षेत्र में केवल कक्षा 7 तक ही शिक्षा की व्यवस्था थी, उन्होंने अपने अथक प्रयासों से वहां हाईस्कूल की कक्षाओं की शुरुआत कराई। इतना ही नहीं, विद्यालय के राजकीयकरण हेतु उन्होंने व्यक्तिगत हितों की उपेक्षा करते हुए अत्यंत कम मानदेय पर निरंतर सेवाएं प्रदान कीं।उनके सेवाकाल से जुड़ा एक प्रेरक प्रसंग यह भी है कि उन्होंने अपने सहयोगियों को समय पर मानदेय मिल सके, इसके लिए स्वयं कष्ट सहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। शिक्षक वर्मा ने अपने जीवन के लगभग 33 वर्ष शिक्षा क्षेत्र को समर्पित किए, जिनमें सूर्य मंदिर स्थित विद्यालय में सेवाएं एवं लोहाघाट इंटर कॉलेज में 19 वर्षों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि श्री वर्मा जैसे शिक्षकों के त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही समाज को सशक्त दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि 1970 के दशक में ग्रामीण क्षेत्र खेतीखान में शिक्षा की अलख जगाना तथा निजी हितों का त्याग कर विद्यालय के राजकीयकरण को प्राथमिकता देना उनकी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।जिलाधिकारी ने श्री वर्मा के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि इतनी अधिक आयु में भी उनका समाज के प्रति सक्रिय रहना अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्री वर्मा के जीवन मूल्यों, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा भाव से प्रेरणा लें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जनकांडे अशोक माहरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिशा' बैठक में केंद्रीय मंत्री टम्टा सख्त

## योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर




**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत ।** जनपद चम्पावत में केंद्र पोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समग्र विकास कार्यों की समीक्षा हेतु जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार एवं क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा ने की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अध्यक्ष का स्वागत करते हुए जनपद में संचालित विभिन्न

जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। मंत्री अजय टम्टा ने सर्वप्रथम पूर्व बैठक (17 अक्टूबर 2025) में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए ताड़केश्वर क्षेत्र में शवदाह गृह एवं टाल विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, जनपद में मडुवा, लाल धान सहित अन्य उत्पादों को बढ़ावा देने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (क्व्रस्र्ड्ड) फेज-3 के अंतर्गत सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर हर घर तक जल पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जल निगम को जनपद में सेप्टिक टैंक एवं खुले आउटलेट की स्थिति का सर्वे कर ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

जी राम जी (मनरेगा) योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने नई गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए तथा वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत चयनित सभी गांवों में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली साथ ही विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने जनपद के सभी शेष तोकों तक शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए मंत्री ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण, क्षमता विकास एवं प्रेरणा कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक पूरे विद्यालय की दिशा बदल सकता है।

कृषि विभाग को तारबाड़, घास कटर एवं पावर वीडर जैसे उपकरणों को बढ़ावा देने तथा महिला किसानों को विशेष रूप से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को बद्री गाय के साथ-साथ रेड सिंधी नस्ल के संवर्धन हेतु वैज्ञानिक पद्धति अपनाने को कहा।

सड़क कनेक्टिविटी की समीक्षा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-09 (लोहाघाट-चम्पावत) के स्वाला क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव के स्थायी समाधान हेतु समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षाकाल से पूर्व संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करने एवं वैकल्पिक मार्गों के सर्वेक्षण को प्राथमिकता देने को कहा।जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु थर्ड पार्टी निरीक्षण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 'सारा' योजना के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखी, जिन पर मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए गए।इस दौरान विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडे, दर्जा मंत्री श्रीमती हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, जिला विकास अधिकारी दिनेश डिगारी सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## युवक की आत्महत्या मामले में युवती सहित सात पर प्राथमिकी दर्ज

**लोहाघाट।** खटीमा में लोहाघाट के युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने उसकी कथित प्रेमिका सहित सात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौड़ा ढेक लोहाघाट निवासी दीवान सिंह ढेक ने पुलिस को तहरीर दी और तहरीर में बताया कि उनका पुत्र विक्रांत सिंह उर्फ दीपांशु फार्मेसी द्वितीय वर्ष का छात्र था उसका एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही युवती से उसका प्रेम प्रसंग था और दोनों आपस में मिला करते थे। शरीर में बताया गया उनके पुत्र और युवती के बीच अनबन होने लगी। उन्होंने आरोप लगाया युवती उनके पुत्र को मानसिक रूप से प्रताडित कर रही थी। तहरीर में बताया गया जब युवती के माता-पिता को प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उन्होंने उनके पुत्र को धमकाने के साथ मारपीट भी की थी तथा उनके पुत्र को इंस्टाग्राम पर भी एक आईडी से धमकी भरा कॉल आया जिसकी शिकायत उनके पुत्र ने अपने ताऊ के बेटे से भी की थी। कहा युवती और उसके परिजनों के मानसिक रूप से प्रताडित किए जाने पर उनके पुत्र ने आत्महत्या कर ली। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शाह ने बताया इस मामले में युवती समेत उसके परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मदरसन कंपनी विवाद सुलझा, श्रमिकों ने खत्म किया अनशन

## प्रशासन, पुलिस और श्रम विभाग की मध्यस्थता से बनी सहमति, 12 मांगें मानी गई





**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**
**लालकुआं (नैनीताल)।** मदरसन कंपनी में पिछले कई दिनों से चल रहा श्रमिकों और प्रबंधन के बीच विवाद मंगलवार को समाप्त हो गया। जिला प्रशासन, श्रम विभाग और नैनीताल पुलिस की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद श्रमिकों ने अपना अनशन समाप्त कर कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

विवाद को सुलझाने के लिए प्रशासन, पुलिस, श्रम विभाग, कंपनी प्रबंधन और श्रमिकों के बीच कई दौर की बातचीत हुई। अंततः सकारात्मक पहल के बाद समाधान निकल सका।शेष 2 मांगों पर शासन स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया

सभी श्रमिकों ने काम पर लौटने की सहमति जताई,बताया गया कि फैक्ट्री में बुधवार से कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने श्रमिकों के संयम और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि पूरे आंदोलन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस श्रमिकों की जायज मांगों के समाधान के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी है।प्रशासन के अनुसार, कुछ बाहरी अराजक तत्व श्रमिकों की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे।

हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी की साजिश को समय रहते विफल किया गया।पुलिस कार्य में बाधा और बैरियर तोड़ने के आरोप में 20-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक क्षेत्रों में अशांति फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। ऐसे मामलों में गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि श्रमिकों के हितों की रक्षा की जाएगी, लेकिन किसी को भी कानून हाथ में लेने या हिंसा फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यह घटनाक्रम न केवल औद्योगिक शांति बहाल करने की दिशा में अहम है, बल्कि भविष्य में श्रमिक-प्रबंधन संवाद के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# खेतीखान में सूअरों ने उजाड़ी आलू की फसले किसानो की मेहनत पर फिरा पानी



**चंपावत।** जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। जिले के खेतीखान क्षेत्र के गंभीर गांव में जंगली सूअरों ने देर रात ग्रामीणों के द्वारा लगाई गई आलू की फसल को पूरी तरह खोदकर बर्बाद कर दिया है। जिससे जहां किसानों की मेहनत पर तो पानी फिरा ही है और साथ ही किसानों को काफी ज्यादा आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

किसान गजेंद्र सिंह विक्रम सिंह, विनोद सिंह ,गोविंद सिंह, बसंती देवी, मीरा देवी, उषा देवी ,चतुर सिंह, वीरेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह ,दीपक सिंह आदि ने बताया उन लोगों के द्वारा ऋण लेकर खेतों में आलू की फसल की बुवाई की गई थी। जैसे ही फसल को खोदने का समय आया तो जंगली सूअरों के द्वारा रात में पूरी तरह उनकी आलू की फसलों को खोद कर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा आलू की फसल उन लोगों की आर्थिकी की रीड की हड्डी होती है। आलू को बेच कर वह अपनी आजीविका चलाते हैं। ग्रामीणों ने कहा इस नुकसान से सभी किसान पूरी तरह मायूस हो गए है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से उनको हुए नुकसान का मुआवजा व कृषि ऋण माफ करने की मांग की है ग्रामीणों ने बताया वह लोग रात रात भर जाग कर पहरा दे रहे हैं पर उसके बावजूद भी जंगली जानवरों के द्वारा फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

मामले में भारतीय किसान यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने कहा जंगली जानवरों ने किसानों को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया जहां किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है तो वहीं किसानों का कृषि कार्य से मोह भंग होते जा रहा है उन्होंने कहा आलू की फसल बेच कर ही किसान अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने तथा जंगली जानवरों से उनकी फसलों को बचाने के लिए घेरवाड़ करने की मांग की है। कहा किसान साल भर मेहनत करता है और फसल काटने के समय पर जंगली जानवर उनकी फसलों को पूरी तरह तबाह कर रहे हैं। कहां मामले में जल्द भारतीय किसान यूनियन जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगी।

# चंपावत में 26 अप्रैल को अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल आयोजित होंगे

**चंपावत।** उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों की पहचान करने के उद्देश्य से चंपावत जिले के लिए 26 अप्रैल, 2026 को सुबह 8:00 बजे अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन करेगा।ट्रायल उड़ान क्रिकेट अकादमी, ग्राम और डाकघर झनकट में आयोजित किए जाएंगे। 19 वर्ष से कम आयु के इच्छुक क्रिकेटरों को भाग लेने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

चंपावत जिला संयोजक राहुल पंवार ने बताया कि ट्रायल का उद्देश्य जिले के सभी युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंटों में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

भाग लेने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पूर्ण क्रिकेट किट और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक खिलाड़ी संयोजक राहुल पंवार से 9917178414 पर संपर्क कर सकते हैं।

## लोहाघाट में पेयजल के लिए मचने लगा हाहाकार नोलो धारों के भरोसे जनता सरयू अभी दूर



**लोहाघाट।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ लोहाघाट नगर में पेयजल की किल्लत होने लगी है। नगर की पेयजल योजना के प्रमुख जल स्रोत लोहावती नदी व बंसवाड़ में पानी का स्तर घटने से पेयजल की किल्लत काफी बढ़ चुकी है। नगर की जनता नौलो ,धारों व और हैंडपंपों से पानी ढोने को मजबूर है। नोलो धारो में भी पेयजल के लिए लोगों की काफी भीड़ बढ़ते जा रही है। नगर में तीन से चार दिन में जल संस्थान के द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है पर गर्मियों में स्रोतों में पानी की कमी के चलते समस्या काफी विकराल रूप ले रही है। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ समस्या और भी ज्यादा बढ़ेगी। लोग अक्कल धारा, नर्सरी के अलावा दूर-दूर से वाहनों के जरिए पानी ढो रहे हैं। जल स्रोतों में पानी की कमी के चलते जल संस्थान भी लोगों को भरपूर मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने में नाकाम है। वहीं लोगों ने कहा सरकार ने सरयू लिफ्ट पेयजल योजना निर्माण को हरी झंडी दे दी है पर उसका कार्य अभी तक धरातल पर शुरू नहीं किया गया है। लोगों ने सरकार व प्रशासन से जल्द से जल्द सरयू लिफ्ट पेयजल योजना निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। लोगों ने कहा इस बार बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोहाघाट नगर में भीषण पेयजल संकट का सामना नगर वासियों को करना पड़ सकता है।

## डोबाभागू में घरों की और बढ़ रही आग पाया काबू

**बारा कोट।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ जिले में जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया। जंगल की आग से जिले का बाराकोट ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। आज सोमवार को बाराकोट ब्लॉक के डोबाभागू में जंगल में आग लग गई और देखते ही देखते आग तेजी से गांव की ओर बढ़ने लगी। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई और खुद आग बुझाने में जुट गया। सूचना पर रेंजर राजेश जोशी के नेतृत्व में बनकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया गया और आग को गांव की ओर बढ़ने से रोक दिया गया। हालांकि इस दौरान आग से बन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है गनीमत रही आग मकानो तक नहीं पहुंची। आग बुझाने में ग्रामीण जगदीश चंद्र तिवारी, बलदेव तिवारी, दिनेश चंद्र तिवारी, नारायण दत्त तिवारी, मनोज तिवारी ,जानकी तिवारी, मीना तिवारी ,कमलापति तिवारी, बन बीट अधिकारी रमेश चंद्र त्रिवेदी ,फायर वॉटर महेंद्र सिंह अधिकारी ,महेंद्र कुमार ,मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।